दैनिक भास्कर हनुमानगढ़ जिला भास्कर 12-03-2025

# नई दिल्ली के साहित्योत्सव 2025 में डॉ. सोनी ने किया कहानी पाठ



परलीका| नई दिल्ली में चल रहे एशिया के सबसे बड़े साहित्य उत्सव 'साहित्योत्सव 2025' में डॉ. सत्यनारायण सोनी की मोबाइल एडिक्शन पर लिखी कहानी ''इमोजी'' को खूब सराहना मिली। संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार व साहित्य अकादेमी की ओर से नई दिल्ली के फीरोजशाह रोड स्थित रवींद्र भवन के कावेरी सभागार में बहुभाषी कहानी-पाठ' नामक एक सत्र का आयोजन उर्दू एवं पंजाबी के प्रसिद्ध लेखक खालिद हुसैन की अध्यक्षता में सोमवार को संपन्न हुआ। इस सत्र में डॉ. सोनी का कहानी पाठ हुआ। सोनी के साथ अतनु भट्टाचार्य ने अपनी असमिया कहानी के अंग्रेजी अनुवाद 'रघुनाथ वियर्स योर क्लोथ्स', हिंदी कथाकार योजना रावत ने 2009 में कश्मीर के हालात पर लिखी कहानी 'मेरा पता लिख लीजिए', तेलुगु कथाकार वेम्पल्ले शरीफ ने अपनी कहानी के अंग्रेजी अनुवाद 'क्रिपल्ड वर्ल्ड' तथा उर्दू लेखक सैफी सिरोंजी ने 'हाजी साहब' शीर्षक कहानी का पाठ किया।

खालिद हुसैन ने अंत में सभी पठित कहानियों का विश्लेषण किया। इस कार्यक्रम में साहित्य अकादेमी में उर्दू सलाहकार मंडल संयोजक डॉ. चंद्रभान खयाल, राजस्थानी के वरिष्ठ साहित्यकार मीठेस निर्मोही, संजय पुरोहित, उर्दू के युवा शायर असद अली असद व अमित गोस्वामी सहित कई साहित्यकारों व साहित्य प्रेमियों ने शिरकत की।